Hindi | हिन्दी

डिसेबिल्टी एडवोकेसी फ्यूचर्स प्रोग्राम

NSW सरकारी सेवाओं के साथ जुड़ने में आपकी सहायता करते हुए

pwda
PEOPLE WITH DISABILITY AUSTRALIA

डिसेबिल्टी एडवोकेसी फ्यूचर्स प्रोग्राम क्या है?

विकलांगता ग्रस्त लोगों को सरकारी वित्त-पोषित सेवाओं तक पहुँचने और इनसे जुड़ने में सहायता देने के लिए इस कार्यक्रम को NSW सरकार द्वारा वित्त पोषित किया जाता है।

ऐसी सेवाओं और समर्थनों के कुछ उदाहरण निम्नलिखित हैं जिनतक पहुँचने में हम आपकी मदद कर सकते हैं:

- आवास
- पढ़ाई-लिखाई
- स्वास्थ्य
- परिवहन
- बाल संरक्षण (चाइल्ड प्रोटेक्शन)
- न्याय
- सांस्कृतिक गतिविधियाँ
- ट्रस्टी और संरक्षकता।

हम आपकी आवाज़ को बढ़ा-चढ़ा कर कहने, आपके हितों का प्रतिनिधित्व करने और आपके अधिकारों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

हमारी सेवा नि:शुल्क है!

सेवा का उपयोग कौन कर सकता है?

सिडनी, दक्षिण पूर्वी सिडनी और दक्षिण पश्चिमी सिडनी में रहने वाले मनोसामाजिक विकलांगताकग्रस्त सहित विकलांगता से ग्रस्त कोई भी व्यक्ति डिसेबिल्टी एडवोकेसी फ्यूचर्स प्रोग्राम तक पहुँच प्राप्त कर सकता है।

परिवार के सदस्य, देखभालकर्ता, विकलांगता कार्यकर्ता और अन्य लोग भी हमें विकलांगता ग्रस्त व्यक्ति की मदद करने के लिए कह सकते हैं।

इस कार्यक्रम तक पहुँच प्राप्त करने के लिए लोगों का विकलांगता सहायता पेंशन (Disability Support Pension, DSP) या राष्ट्रीय विकलांगता बीमा योजना (National Disability Insurance Scheme, NDIS) का प्राप्तकर्ता होना आवश्यक नहीं है।

हमारे बारे में

People with Disability Australia (पीपल विद डिसेबिल्टी ऑस्ट्रेलिया, PWDA) एक राष्ट्रीय विकलांगता अधिकार, पक्षसमर्थन और प्रतिनिधि संगठन है जिसका संचालन विकलांगता ग्रस्त लोगों द्वारा और विकलांगता ग्रस्त लोगों के लिए किया जाता है।

व्यक्तिगत पक्षसमर्थन (निजी हिमायत) क्या होता है?

व्यक्तिगत पक्षसमर्थन आमने-सामने दी जाने वाली सहायता होती है ताकि आपको अपनी चिंताओं को प्रकट करने, जानकारी पाने, विकल्पों की खोज करने और अपने खुद के फैसलों को लेने में मदद की जा सके।

हम सहायता कैसे कर सकते हैं?

हमारे पक्षसमर्थक विकलांगता ग्रस्त लोगों की निम्नलिखित समस्याओं के साथ सहायता कर सकते हैं:

- जब कोई आपके साथ दुर्व्यवहार करता है
- जब कोई आपके साथ भेदभाव करता है
- जब आपको अच्छी सेवा नहीं मिल रही हो
- जब आपको वह सेवा नहीं मिल सकती है जिसकी आपको आवश्यकता है
- आपके जीवन में कोई बड़ा बदलाव हो रहा हो

pwda

PWDA की पक्षसमर्थन सेवाएँ:

- नि:शुल्क और गोपनीय हैं
- कानूनी नहीं हैं
- मुद्दा-आधारित होती हैं
- लघु से मध्यम अवधि की होती हैं

हमारी पक्षसमर्थन सेवा केस मैनेजमेंट (मामला प्रबंधन), सपोर्ट कॉर्डिनेशन (सहायता समन्वय) या कानूनी सहायता से लेकर अलग-अलग प्रकार की है।

हालाँकि हम आपको ऐसी सेवाएँ प्रदान करने में असमर्थ हैं, लेकिन हम आपको उन लोगों से जोड़ने में सक्षम हो सकते हैं जो ऐसी सेवाएँ प्रदान कर सकते हैं।

सहायता कैसे प्राप्त करें

कृपया PWDA से 1800 422 015 (टोल फ्री) पर संपर्क करें और हमारे किसी प्रवेश (इनटेक) अधिकारी से बात करें, या QR कोड स्कैन करके **PWDA Get Help फॉर्म** भरें या **https://qrco.de/bd4F8o** पर जाएँ।

PWDA व्यक्तिगत पक्षसमर्थन सेवाओं तक पहुँचने के लिए किसी रेफरल की आवश्यकता नहीं है।

हमसे संपर्क करें

आप सोमवार से शुक्रवार सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे के बीच फोन पर हम से संपर्क कर सकते/ती हैं।

डिसेबिल्टी एडवोकेसी फ्यूचर्स प्रोग्राम (Disability Advocacy Futures Program) के बारे में और अधिक जानकारी के लिए **pwd.org.au/projects/disability-advocacy-futures-project** पर जाएँ।

1800 422 015

intake@pwd.org.au

pwd.org.au

डिसेबिल्टी एडवोकेसी फ्यूचर्स प्रोग्राम का समर्थन इनके द्वारा किया जाता है

NSW GOVERNMENT Communities and Justice